# अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप – सूचना एवं ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

**आवेदन की अवधि: 10 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026**

सभी संबंधित विभागों से अनुरोध है कि वे अपने विभाग की **B.Sc. प्रथम वर्ष की पात्र छात्राओं** से अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप का ऑनलाइन आवेदन अवश्य करवाएँ।

## पात्रता

- छात्रा ने **हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की पढ़ाई किसी सरकारी विद्यालय** से पूरी कीहो।
- छात्रा ने **UG स्तर के 2 से 5 वर्ष की अवधि वाले नियमित पाठ्यक्रम** में प्रवेश लिया हो।
- पात्र छात्राएँ निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार **ऑनलाइन आवेदन** करें।

| | |
|---|---|
| **SCHOLARSHIP** | • ₹30,000 per year that can be used for tuition fees or any other education-related expenses<br>• Awarded for the full duration of the first undergraduate degree or diploma course |
| **ELIGIBILITY** | • Passed **both Class 10 and Class 12** as a **regular student** from a **government school or college** in any of the **eligible States or Union Territories***.<br>• Have taken **admission in the first year** (for academic session 2026–27) as a **regular student** of a recognized **undergraduate degree or diploma course** (2 to 5 years duration) at a **government** or a (credible and bona fide) **private college or university, anywhere in India**. |

## ऑनलाइन आवेदन भरते समय विशेष सावधानी

ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय सभी जानकारी बहुत सावधानीपूर्वक भरें। **किसी भी प्रकार की गलत, अधूरी या असंगत जानकारी के कारण आवेदन निरस्त किया जा सकता है।** इसलिए फॉर्म को अंतिम रूप से जमा करने से पहले सभी विवरणों की अच्छी तरह जाँच कर लें।

आवेदन भरते समय **मूल दस्तावेज अपने पास रखें**, जैसे:

- 10वीं की मार्कशीट/प्रमाण-पत्र
- 12वीं की मार्कशीट/प्रमाण-पत्र
- आधार कार्ड
- बोनाफाइड प्रमाण-पत्र
- बैंक पासबुक

**फॉर्म भरते समय इन सभी दस्तावेजों को स्कैन करके अपलोड करना होगा।** इसलिए आवेदन भरने से पहले सभी मूल दस्तावेज तैयार रखें और उनकी **स्पष्ट एवं पढ़ने योग्य स्कैन कॉपी** बनाकर रखें।

# आवेदन प्रक्रिया – तीन चरण

## चरण 1: अपनी पात्रता जाँचें एवं मोबाइल नंबर रजिस्टर करें

- वेबसाइट पर जाकर अपनी **Eligibility (पात्रता)** की जाँच करें।**अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप वेबसाइट:** https://azimpremjifoundation.org

  **Help Line no**: WhatsApp पर **9019960536** पर संपर्क करें।
  (समय: सोमवार से शुक्रवार, प्रातः 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक)

- यदि आप पात्र हैं, तो **"Eligible"** संदेश दिखाई देगा।
- **OK** पर क्लिक करके आगे बढ़ें।
- अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें।
- मोबाइल पर प्राप्त **OTP** दर्ज करें।
- OTP सत्यापित करके Registration पूरा करें।
- Registration सफल होने के बाद आप **Login** कर सकते हैं।

## चरण 2: आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज़ तैयार रखें

| | |
|---|---|
| **आवश्यक दस्तावेज़** | **सभी आवेदिकाओं को नीचे दिए गए दस्तावेज़ों की साफ़ तौर पर पढ़ने योग्य, स्पष्ट और रंगीन स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी:**<br>1) पासपोर्ट साइज़ फोटो (साधारण पृष्ठभूमि, पिछले 6 महीने में खींची गई)<br>2) आधार कार्ड<br>3) बैंक खाता विवरण (निम्न में से कोई एक):<br>- बैंक पासबुक, या<br>- पिछले एक महीने का बैंक स्टेटमेंट<br>4) कक्षा 10 की मूल मार्कशीट<br>5) कक्षा 12 की मूल मार्कशीट<br>6) प्रवेश का प्रमाण (निम्न में से कोई एक):<br>- बोनाफाइड प्रमाणपत्र, या<br>- ट्यूशन फीस रसीद<br>नोट: सभी सॉफ़्ट कॉपी PDF/JPG/PNG फॉर्मेट में होनी चाहिए।<br>इन फ़ाइल्स का साइज़ 30KB से 500KB के बीच में होना चाहिए। |

**किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए हमारी स्कॉलरशिप व्हाट्सऐप हेल्पलाइन पर संपर्क करें: +919019960536**

आवेदन करने के लिए स्कैन करें

### बैंक खाता विवरण

- **विकल्प 1 में** आवेदक को जिस बैंक की शाखा में उसका खाता है, उस बैंक का विवरण देना होगा। साथ ही **बैंक की पासबुक की स्पष्ट प्रति (फोटोकॉपी)** लगानी होगी, जिस पर **बैंक की मुहर (Seal) और अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर (Sign)** होने चाहिए।
- विकल्प 2: आवेदक का नाम, खाता संख्या, IFSC Code और बैंक शाखा का स्पष्ट विवरण देना होगा।
- Edited, AI-generated या Crop किए गए दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे। दस्तावेज पर किसी प्रकार का **Black/Ink निशान** नहीं होना चाहिए।
- फाइल JPEG/JPG/PNG/PDF में और **30 KB** से अधिक न हो

## बैंक खाते से संबंधित दस्तावेज़ और पात्रता की जानकारी

### मुख्य बिंदु:

- **Bank Proof** के लिए बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ का फोटो या पिछले **1 महीने का बैंक खाता विवरण** देना होगा।
- बैंक खाता **आवेदक के स्वयं के नाम** पर होना चाहिए।
- खाता किसी **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक** में नियमित **Savings Account** होना चाहिए।
- **Mode of Operation "Self"** होना चाहिए।
- आवेदन करने से पहले सुनिश्चित करें कि बैंक खाता **सक्रिय (Active)** है।
- खाता विवरण **नवीनतम** होना चाहिए।
- खाते में **₹10,000 से अधिक की NEFT राशि प्राप्त हो सके**, यह सुनिश्चित करना है।

### आधार कार्ड


- आधार की स्पष्ट और **रंगीन** स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी।
- आधार में आवेदक का नाम, लिंग, जन्म तिथि और फोटो स्पष्ट दिखाई देना चाहिए।
- Crop, AI से तैयार या Edited दस्तावेज़ स्वीकार नहीं होंगे। धोखाधड़ी पाए जाने पर आवेदक को Blacklist किया जाएगा।
- फाइल JPEG/JPG/PNG/PDF में हो और आकार 30 KB से 500 KB के बीच हो।

### कॉलेज या विश्वविद्यालय में प्रवेश का प्रमाण

- Admission Proof के लिए **Bona Fide Certificate** या **Admission Tuition Fee Receipt**, इनमें से दोनों या कम से कम एक की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी। जिस पर

**महाविद्यालय की आधिकारिक मुहर एवं संबंधित अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर** हों, मान्य होगा।

- इसमें आवेदक का नाम, कॉलेज का नाम, प्रवेश विवरण, कोर्स का नाम, कोर्स शुरू होने की तिथि, वर्तमान अध्ययन वर्ष और कोर्स का प्रकार स्पष्ट होना चाहिए।
- ▪ मेस/हॉस्टल शुल्क, लैब शुल्क या **Exam Fee Receipt** को Admission Proof के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।



**बोनाफाइड सर्टिफिकेट**

दिनांक:.....................

यह प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री/श्रीमती ..........................................[छात्रा का नाम], पुत्री/पत्नी ..........................................................[पिता/माता/पति का नाम], हमारे संस्थान की एक नियमित छात्रा हैं। वह वर्तमान में पंजीकरण/नामांकन संख्या.........................................के साथ ........................................................ [कोर्स का नाम] में अध्ययनरत हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में .............................. में वर्ष [कोर्स वर्ष– प्रथम, द्वितीय या तृतीय वर्ष] में पढ़ाई कर रही हैं। कोर्स की अवधि .............................. वर्ष [2, 3, 4 या 5 वर्ष] है। यह कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद छात्रा द्वारा किया जा रहा पहला स्नातक डिग्री/डिप्लोमा कोर्स है।

**उपरोक्त सभी विवरण हमारे आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार सत्य हैं।**

**हस्ताक्षर एवं मुहर**
(प्राचार्य / रजिस्ट्रार / संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर)

संस्थान का नाम:

स्थान:

## चरण 3: ऑनलाइन आवेदन पूरा करें

- Login करके आवेदन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी सावधानीपूर्वक भरें।
- आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करें।
- सभी विवरण एवं दस्तावेज़ों की दोबारा जाँच करें।
- इसके बाद आवेदन को अंतिम रूप से Submit करें।
- आवेदन जमा करने के बाद प्राप्त विवरण/पावती को सुरक्षित रखें।

**सभी विभागों से अपेक्षित है कि पात्र छात्राओं को आवेदन प्रक्रिया के संबंध में उचित मार्गदर्शन देते हुए उनका आवेदन समय पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।**